**Regarding pollution caused by factories in Giridih district, Jharkhand.-laid**

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी **(**गिरिडीह**) :** गिरिडीह जिला के पूर्वी क्षेत्र में स्थित औद्योगिक फैक्ट्रीज के द्वारा पिछले 25 वर्षों से गादी श्रीरामपुर, मोहनपुर, उदनाबाद, फुलची पंचायत के गावों में प्रदूषण फैलाया जा रहा है । प्रदूषण की स्थिति इतने सालों में अब इतनी भयावह हो गयी कि लोग सांस की बीमारी से मर रहे है, बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं । कृषि योग्य भूमि बंजर हो गयी है । वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ भी नष्ट हो चुके है । भूजल का स्तर काफी गिर गया और महुआटांड़ गाँव तो जलविहीन हो गया है । उसरी नदी के पानी को भी इन फैक्ट्रीज़ द्वारा प्रयोग किया जा रहा है जिसकी वजह से उसका अस्तित्व आज खतरे मे है । जिला प्रशासन द्वारा हर बार आश्वशन के बावजूद कंपनियों द्वारा प्रदूषण उत्सर्जन रोकने के लिए ESP तक का प्रयोग नहीं कर रही है । इन्हे रोकने के लिए जिला प्रशासन और राज्य प्रशासन असमर्थ है । पर्यावरण संरक्षण हेतु मेरा केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जी से अनुरोध है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इन फैक्ट्रीज़ की पर्यावरण मंजूरी और संचालन करने की सहमति कैसे दी जा रही है, इसका स्वतः संज्ञान लेकर इसकी जांच करें और जब तक सारे पर्यावरण मानकों को पूरा न कर लिया जाए तब तक इन्हे बंद रखा जाये ।

---

माननीय सभापति **:** आइटम नम्बर 14, माननीय गृह मंत्री जी ।

**<u>14.01 hrs</u>**